## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम ने दो जगह भूमि से कब्जे हटाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने मंगलवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम हसनपुर खेवली में अभियान चलाकर 4 करोड़ मूल्य की .253 हेक्टेयर सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि गाटा संख्या 710 में 0.607 हेक्टेयर ऊसर में दर्ज भूमि पर कुछ लोगों ने बाउंड्री बनाकर तथा पौधरोपण करके कब्जा कर लिया था। दूसरी कार्रवाई में सदर तहसील के ग्राम बरावन कला में की गई। वहां रास्ते में दर्ज गाटा संख्या 1395 की .089 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटवाया गया। कुछ लोग अस्थाई बाउंड्री बनाकर कब्जा कर रहे थे। पहली कार्रवाई का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद और दूसरी का नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार ने किया।

### ई-श्रम व पेंशन पंजीकरण शिविर आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** असंगठित क्षेत्र के कामगार, गिग वर्कर, रेहड़ी-पटरी व्यापारी और हॉकर्स अब नजदीकी लेबर अड्डों पर ही ई-श्रम कार्ड तथा पेंशन योजनाओं के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए श्रम 29 अप्रैल से शिविर लगाने जा रहा है। 29 अप्रैल को बाराबिरवा, 30 को आलमबाग, 2 मई को ऐशबाग चौराहा, 4 मई को तेलीबाग नहरिया, 5 मई को सरोजनीनगर, 6 मई को सर्वोदय नगर और इंदिरा नगर, 7 मई को आंबेडकर चौराहा और मायावती कॉलोनी में शिविर लगेंगे। 8 मई को चिनहट तिराहा पर शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 17 मई को छोड़कर 11 से 20 मई तक मोहनलालगंज, आशियाना, अटल चौराहा, संगम चौराहा, बुद्धेश्वर, दुबग्गा, बनी-बंथरा, अमीनाबाद और हजरतगंज लेबर अड्डों पर शिविर लगेंगे। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने बताया कि इन श्रमिक ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना और एनपीएस-ट्रेडर्स के तहत पंजीकरण करा सकते हैं। शिविरों में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### शहर में भामाशाह की प्रतिमा लगाने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में किसी उपयुक्त स्थान पर दानवीर भामाशाह की आदमकद मूर्ति स्थापित की जानी चाहिए। यह मांग दारुलशफा में हुई साहू क्लब की बैठक में क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष महेश प्रसाद साहू ''ददू'' ने की। उन्होंने युवकों का आह्वान किया कि भामाशाह के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में त्याग और बलिदान का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि युवकों जरिए रचनात्मक कार्य करके ही समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार हिंसा और उग्रवाद से निपटा जा सकता है। कहा कि सरकार आज दानवीय भामाशाह को भूल गई है। दानवीर भामाशाह जिन्होंने महाराणा प्रताप को तन मन एवं धन से सहायता देकर मुगल शासकों से लड़ने के प्रति प्रेरित किया था। भामाशाह ने उन्हें आर्थिक सहायता देकर यह अवसर दिया कि वे फिर से मेवाड़ की आजादी के लिये संघर्ष करें। महेश प्रसाद ने कहा हल्दीघाटी का मैदान आज भी गवाह है कि राणाप्रताप और उसके रणबुंकरे साथियों ने अत्यन्त वीरता से कर्तव्य का निर्वाहन किया।

### गुरुवंदन-छात्रा अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर में मंगलवार को भारत विकास परिषद, महिला शाखा, चौक के तत्वाधान में 'गुरुवंदन-छात्रा अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को रेखांकित करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान और छात्राओं की प्रतिभा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्राओं में कक्षा 12 की विज्ञान वर्ग की टॉपर जाह्नवी, कक्षा 11 की कला वर्ग की आराधना निषाद एवं विज्ञान वर्ग की शालिनी पाल, कक्षा 10 की टॉपर हर्षिता मिश्रा, कक्षा 9 की काजल तिवारी, कक्षा 8 की इल्मा, कक्षा 7 की जाह्नवी तथा कक्षा 6 की आयुषी शुक्ला शामिल रहीं। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लीना मिश्र ने संरक्षक कंचन अग्रवाल, अध्यक्ष अलका अग्रवाल एवं सचिव प्रीति अग्रवाल के स्वागत से किया। डॉ. लीना मिश्र ने कहा कि गुरु और छात्र एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

# अस्पताल के पूरे स्टाफ की लगा दी जनगणना में ड्यूटी

## बीआरडी अस्पताल में ओपीडी से लेकर जांचें तक प्रभावित होने की आशंका, अस्पताल प्रशासन ने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को लिखे पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किसी भी कर्मचारी को प्रशिक्षण ड्यूटी में नहीं भेजा गया

**अमृत विचार :** महानगर स्थित भाऊराव देवरस (बीआरडी) अस्पताल के सीएमएस से लेकर वार्ड ब्वाय तक की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगा दी गई है। पूरे स्टाफ की ड्यूटी लगाने से अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था लड़खड़ाने की आशंका है।

इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को पत्र लिखा था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मरीजों की सेहत का ख्याल रखते हुए अस्पताल प्रशासन ने एक भी डॉक्टर और कर्मचारी को मंगलवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में नहीं भेजा है। जिला प्रशासन की ओर से कोई जवाब न आने से चिकित्सकों व स्टाफ में असमंजस की स्थिति है।

100 से अधिक बेड क्षमता वाले बीआरडी अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 1100 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। इस अस्पताल के सीएमएस, एमएस, लैब टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ईएमओ, इमरजेंसी वार्ड ब्वॉय और नर्सिंग स्टाफ तक की जनगणना में ड्यूटी लगा दी गई है। सभी को मंगलवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में भी अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पताल प्रशासन ने 20 अप्रैल को जिलाधिकारी और 22 अप्रैल को नगर आयुक्त को पत्र भेजा था, लेकिन किसी को भी ड्यूटी से छूट नहीं दी गई। मरीजों का ध्यान रखते हुए फिलहाल अस्पताल प्रबंधन ने किसी भी स्टाफ को प्रशिक्षण में नहीं भेजा है।

ठाकुरगंज टीबी संयुक्त चिकित्सालय के दो फार्मासिस्ट, कार्यालय कर्मचारियों, सीएमओ कार्यालय के एक चिकित्सक और कंट्रोल रूम के एक कर्मचारी की भी जनगणना कार्य में ड्यूटी लगी है।

सीएमओ कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें ड्यूटी की कोई आधिकारिक सूची प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कह कि बीआरडी अस्पताल के पूरे स्टाफ की ड्यूटी लगने की जानकारी नहीं है। यदि किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी गलत तरीके से लगाई गई है, तो शिकायत मिलने पर उसे संशोधित कराया जाएगा।

### जनगणना में ड्यूटी के लिए शिक्षक संघ ने रखीं शर्तें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ ने भी जनगणना कार्य में शिक्षकों और शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को इस संबंध में सात सूत्री ज्ञापन भेजा है। इसमें ग्रीष्मावकाश के दौरान जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश देने, प्रशिक्षण केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कर भोजन, जलपान व बिजली की सुविधा सुनिश्चित करने, पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी न लगाने, दिव्यांगों, 55 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों, गंभीर बीमार शिक्षकों, गर्भवती शिक्षिकाओं, ऐसी शिक्षिकाओं जिनके बच्चे 3 वर्ष से कम आयु के हैं, इन सभी की ड्यूटी न लगाई जाए। इसके अलावा जनगणना ड्यूटी कार्यस्थल वाली ग्राम पंचायत से अधिकतम 2 किलोमीटर की परिधि में लगाने की भी मांग की गई है।

### ड्यूटी से नाम कटवाने को लग रही भीड़

- **अमृत विचार, लखनऊ :** जनगणना में ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए कर्मचारियों नगर आयुक्त कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक गुहार लगा रहे हैं। कोई बीमारी का हवाला दे रहा है तो कोई घर में शादी होना कारण बता रहा है। मंगलवार को भी जिलाधिकारी और नगर आयुक्त से मिलने बड़ी संख्या में कर्मचारी पहुंचे। इनमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, आवास विकास, एलडीए, नगर निगम, पंचायती राज, मत्स्य विभाग समेत कई विभागों के कर्मचारी शामिल थे। ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए लोग सिफारिश भी लगवाई जा रही है। नोडल अधिकारी जनगणना एडीएम फाइनेंस से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंच रहे कर्मचारियों को नगर आयुक्त कार्यालय भेजा जा रहा है। कर्मचारियों से कहा जा रहा है कि प्रशिक्षण में शामिल होना जरूरी है। बाद में विचार किया जाएगा। अधिकारी आवेदकों से ड्यूटी न कर पाने का कारण और साक्ष्य लेकर वापस भेज रहे हैं।

# मौसम ने करवट ली तो लुढ़का पारा, गर्मी से राहत

## दो दिन में लगभग 4 डिग्री घटा अधिकतम तापमान, आज बूंदाबांदी होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



धूप से बचाव के लिए छाता लगाकर जातीं बच्चियां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में मंगलवार को हुए मौसम के बदलाव ने बढ़ते तापमान में हल्का ब्रेक लगा दिया। तड़के आंधी चलने और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने से अधिकतम तापमान लुढ़ककर 39.7 डिग्री पर पहुंच गया। दोपहर में लू से भी कुछ राहत मिली। न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। ये 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.4 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक रहा।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को शहर में बादल छाए रहने और एक से दो बार बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। ये 38 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार 2 मई तक मौसम में उठापटक बनी रहेगी। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। गौरतलब है कि रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था। सोमवार से अधिकतम तापमान में गिरावट शुरू हो गई थी। अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 67 फीसदी रहा। न्यूनतम आर्द्रता 31 फीसदी रही। रविवार की अपेक्षा मंगलवार को अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री तक की कमी आई है।

### ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्री पानी के लिए परेशान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर-लखनऊ रेलखंड पर मेगा ब्लॉक और ट्रेनों के डायवर्जन के कारण भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। ज्यादातर ट्रेनें 2 से 4 घंटे देरी से चल रही हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। छोटे स्टेशनों पर एक मिनट का ठहराव होने के कारण अगर यात्री पानी भरने के लिए उतरते हैं तो ट्रेन छूटने का डर रहता है। इसका फायदा उठाकर कुछ वेंडर बढ़े दाम पर पानी बेचते हैं। यात्री रमेश ने बताया कि भोपाल आते समय ट्रेन में 15 रुपये वाली पानी की बोतल 20 रुपये में खरीदनी पड़ी। दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रास्ते के स्टेशन पर इतना गर्म पानी था कि पीयाभी नहीं जा सका। जनरल कोच में अधिक भीड़ और पंखों के ठीक से न चलने से उमस भरा माहौल बन रहा है। चारबाग और लखनऊ जंक्शन सहित कई स्टेशनों पर भी टोटियों से गर्म पानी निकल रहा है, जिससे यात्रियों को मजबूरी में गर्म पानी पीना पड़ रहा है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में सुविधाओं की अनदेखी ने सफर को दुश्वार बना दिया है।



अगौंछा और चुनरी ओढ़े युवक-युवती।

### 50 बीघा की चार अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन एक की टीम ने मंगलवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रहीं 4 अवैध प्लॉटिंग के निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-1 देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुलतानपुर रोड स्थित ग्राम-मलौली में मेसर्स वीर भूमि इन्फ्रा डेवलपर्स व अन्य द्वारा लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रहीं 3 अवैध प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त किये गए। गोसाईंगंज के ग्राम-दुलारमऊ में 20 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध रूप से कालोनी भी जेसीबी से ध्वस्त कर दी गई।

# ओटीएस योजना में 10 दिन में 461 ने किए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शारदा नगर विस्तार में दो दिवसीय शिविर कल से

**अमृत विचार, लखनऊ: :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत 10 दिनों में 461 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को ओटीएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए योजना वार टॉप 10 बकायेदारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि शारदा नगर विस्तार योजना स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में 29 एवं 30 अप्रैल को 2 दिवसीय कैंप लगाया जा रहा है। डिफॉल्टर आवंटी इस अवसर का लाभ उठाकर कैंप में ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो आवंटियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अलावा ओटीएस-2026 के लिए प्राधिकरण भवन में स्थापित विशेष हेल्प डेस्क भी संचालित रहेगा।

# भवन निर्माण के लिए मानचित्र बनवाने में मदद करेगा एलडीए

## प्रक्रिया पारदर्शी बनाने के लिए बनेगा आर्किटेक्ट्स का पैनल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 75 रुपये प्रति वर्गमीटर तय की गई आर्किटेक्ट की फीस
- 50,000 रुपये तक तिमाही इंसेंटिव भी देगा प्राधिकरण

**अमृत विचार :** भवन निर्माण का मानचित्र बनवाने के लिए अब लखनऊ के लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। एलडीए आर्किटेक्ट्स का पैनल तैयार करेगा। ये पैलन सरल और पारदर्शी प्रक्रिया से मानचित्र पास कराने में मदद करेगा। प्राधिकरण ने आर्किटेक्ट्स के इम्पैनलमेंट के लिए विज्ञापन निकाल दिया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आवासीय एवं व्यावसायिक भवन निर्माण के लिए प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। मानचित्र के लिए लोगों को आर्किटेक्ट ढूंढने पड़ते हैं। इसमें वह कई बार बिचौलिये के चक्कर में फंस जाते हैं, जिससे अधिक पैसा खर्च होने के साथ समय की बर्बादी भी होती है। धोखाधड़ी की आशंका भी बनी रहती थी। कई मामलों में आर्किटेक्ट के अधीनस्थ मानचित्र सबमिट करते हैं। तकनीकी खामियों के कारण आवेदन निरस्त हो जाते हैं। इस कारण मानचित्र स्वीकृति में अनावश्यक विलंब होता हैं। लोगों की इन्हीं परेशानियों को देखते हुए प्राधिकरण नई व्यवस्था लागू कर रहा है। एलडीए आर्किटेक्ट्स का पैनल तैयार करेगा। ये आर्किटेक्ट्स मानचित्र तैयार करने के लिए अधिकृत होंगे। नई व्यवस्था से आवेदन की गुणवत्ता बेहतर होगी जिससे मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया पारदर्शी, सरल होने के साथ जल्दी पूरी भी हो जाएगी।

### पंजीकृत आर्किटेक्ट कर सकेंगे आवेदन

- मुख्य नगर नियोजक केके गौतम ने बताया कि काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर में पंजीकृत आर्किटेक्ट ही पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकेंगे। चयनित आर्किटेक्ट्स को उपलब्धता के आधार पर प्राधिकरण कार्यालय में वर्क स्पेस भी उपलब्ध कराया जाएगा। आर्किटेक्ट्स के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से फीस निर्धारित की गई है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले आर्किटेक्ट्स को प्राधिकरण के स्तर से 50,000 रुपये तक तिमाही इंसेंटिव भी दिया जाएगा।

### फ्यूचर ओरिएंटेशन कार्यशाला में मेधावियों को मिला करियर मार्गदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पलटन छावनी में मंगलवार को फ्यूचर ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिटायर्ड पुलिस महानिदेशक महेंद्र सिंह लालका के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कक्षा-12 के अपीयरिंग मेधावी छात्र-छात्राओं को बैकग्राउंड, रुचि, आदतों एवं जीवनशैली को समझते हुए करियर विकल्प सुझाए। डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल एवं नवाचार अविष्कारक राधेश्याम पांडे नेविज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से आगे बढ़ने और वैज्ञानिक बनने के सरल उपाय बताए। वहीं कवि, साहित्यकार एवं पत्रकार प्रदीप सारंग ने मीडिया के महत्व को रेखांकित किया। कम्युनिकेशन विशेषज्ञ अजय पांडे ने संवाद कौशल को सफलता का मूल मंत्र बताया। फिल्म निर्माता मनप्रीत धामी और बॉलीवुड अभिनेत्री आकांक्षा पांडे ने फिल्म उद्योग, रिटायर्ड अधिकारी आरके शर्मा ने तकनीकी क्षेत्र में करियर निर्माण की जानकारी दी। कॉलेज कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला, उप प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

**आस्था** | जेठ महीने में सूर्य देव, हनुमान जी और वरुण देव की आराधना मानी जाती है अत्यंत फलदायी

# 19 वर्ष बाद जेठ में मलमास, 59 दिन में 8 बड़े मंगल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 19 वर्ष बाद ज्येष्ठ (जेठ) महीने में मलमास पड़ रहा है। 2 मई से शुरू हो रहा जेठ महीना इस बार 30 के बजाय 59 दिन का होगा। सूर्य देव, हनुमान जी और वरुण देव की आराधना के लिए अत्यंत फलदायी जेठ महीने में इस बाद आठ मंगलवार पड़ेंगे। पहला मंगलवार 5 मई को है, इस दिन प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ शहर भर में भंडारे कराए जाएंगे।

काशी पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह 2 मई से 29 जून तक रहेगा। इसमें 2 मई से 16 मई तक शुद्ध जेष्ठ माह रहेगा। 17 मई से 15 जून तक अधिक मास रहेगा फिर 16 जून से 19 जून तक शुद्ध जेष्ठ रहेगा। इन 59 दिनों में 5, 12, 19, 26 मई और 2, 9, 16 व 23 जून को आठ मंगलवार पड़ेंगे। जिसमें 5 मई, 12मई, 16 जून व 23 जून के मंगलवार शुद्ध ज्येष्ठ माह में पड़ेंगे, जबकि 19, 26 मई, 2 जून और 9 जून के मंगलवार मलमास में पड़ेंगे। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार खगोलीय और ज्योतिषीय संयोग के चलते इस वर्ष भक्तों को बल्कि पूरे 8 बड़े मंगल के पावन अवसर प्राप्त होंगे, जो हनुमान भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माने जा रहे हैं। अधिक मास चंद्र और सूर्य कैलेंडर के बीच अंतर को संतुलित करने के लिए जोड़ा जाता है। चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष 365 दिनों का, इसी अंतर को दूर करने के लिए लगभग 32 महीने 16 दिन बाद एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की श्रद्धा से पूजा करने, व्रत रखने और दान-पुण्य करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और बजरंगबली की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### शुद्ध जेठ माह के मंगलवार

- 5 मई, 12 मई, 19 जून और 23 जून

### मलमास जेष्ठ के मंगलवार

- 19 मई, 26 मई, 2 जून और 9 जून



डालीगंज स्थित मानस एवं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करतीं महिलाएं।

### मंदिर के स्थापना दिवस पर किया सुंदरकांड का पाठ

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या धाम मार्ग, डालीगंज स्थित मानस एवं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पहले भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कमेटी अध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल ने पदाधिकारियों के साथ श्रीराम दरबार एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की आरती की। भजन गायक राकेश लख्खा ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भंडारे का भी आयोजन किया गया। महामंत्री राम शंकर जायसवाल, सुरेश श्रीवास्तव, अनुराग साहू, अलिकेश कसेरा, आशीष प्रकाश श्रीवास्तव, शिव कुमार वर्मा, राजेश त्रिपाठी, मोनू निगम, भूलने मिश्रा, कामता प्रसाद जायसवाल, मुरली मनोहर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रीजनल एनेस्थीसिया दर्द निवारण का नया विकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एनस्थीसिया एक्सपर्ट मीट**

**अमृत विचार :** अब रीजनल एनस्थीसिया ने इलाज की राह आसान कर दी है। दर्द रहित प्रसव में रीजनल प्रसव तकनीक अपनाई जा रही है। इससे महिला को प्रसव के समय आराम मिलता है। यह जानकारी केजीएमयू एनस्थीसिया विभाग के डॉ. तन्मय तिवारी ने दी।

इंडियन सोसाइटी ऑफ एनस्थीसियोलॉजिस्ट ने से मंगलवार को रीजनल एनस्थीसिया एक्सपर्ट मीट 2026 में का आयोजन किया। इसमें उत्तर भारत से 100 से अधिक डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। लोहिया संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. दीपक मालवीय ने कहा कि ये तकनीक सुरक्षित और इसके दुष्प्रभाव भी बहुत कम हैं। प्रसव में दर्द कम होता है और प्रसूता जल्दी सामान्य हो जाती है। कैंसर मरीजों को नर्व ब्लॉक कर दर्द से निजात दिलाई जा रही है। इससे उन्हें बहुत दवाएं देने की जरूरत नहीं पड़ती है। बैठक में यह संदेश दिया गया कि रीजनल एनेस्थीसिया केवल ऑपरेशन की तकनीक नहीं, बल्कि दर्द प्रबंधन, सुरक्षित उपचार और बेहतर रिकवरी का सशक्त माध्यम है। विशेषज्ञों ने कहा कि मानक प्रोटोकॉल, अल्ट्रासाउंड आधारित तकनीक और प्रशिक्षित विशेषज्ञों के माध्यम से मरीजों की सुरक्षा और बेहतर की जा सकती है। पीजीआई की डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, डॉ. संदीप साहू, कानपुर की डॉ. अपूर्व अग्रवाल, केजीएमयू एनस्थीसिया विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली, डॉ. दीपक मालवीय, डॉ. रशीद, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. शिशिर अग्रवाल रहे।

# गुरुकुल में छात्र की हत्या का होगा क्राइम सीन रिक्रिएशन, दो टीमें गठित

## पारा इंस्पेक्टर ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा पत्र, अन्य आठ छात्रों के दर्ज होंगे बयान, कानपुर गई टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कानपुर पुलिस ने घटना छिपाने वाले मामा को भी भेजा जेल**

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** पारा के पूर्वीदीन खेड़ा स्थित रामनगर कॉलोनी में रामानुज भागवत वेद विद्यापीठ के नाम से संचालित अवैध गुरुकुल में पांचवीं के छात्र की हत्या के मामले में पुलिस घटनास्थल पर क्राइम सीन रिक्रिएशन कराने की तैयारी कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर पारा पुलिस ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को पत्र लिखा है। इसके साथ ही केस की जांच के लिए पुलिस की दो टीमें गठित कर दी गयी हैं। दावा है कि जल्द ही जांच लखनऊ ट्रांसफर हो जाएगी। साथ ही अन्य आठ बच्चों के बयान दर्ज किए जाएंगे, जिससे कई और चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है। वहीं, मामले में कानपुर की महाराजपुर पुलिस ने मंगलवार को छात्र के मामा कानपुर के चकेरी निवासी मामा जितेंद्र उर्फ बाला प्रसाद तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस जांच में पता चला कि हत्या के बाद आरोपी संचालक कन्हैयालाल मिश्रा ने बच्चे के मामा जितेंद्र तिवारी उर्फ बाला प्रसाद को सूचना दी थी, लेकिन उसने सच्चाई छिपाए रखी। सगे मामा जितेंद्र ने पूछताछ में कबूला कि कन्हैया 20 अप्रैल की रात भर शव के पास बैठा रहा और अगले दिन सुबह तक यह नाटक करता रहा कि बच्चे को अस्पताल ले जाया गया था। जबकि सच्चाई यह थी कि बच्चा पहले ही दम तोड़ चुका था। अगले दिन सुबह करीब छह बजे टैक्सी बुक कर शव को बच्चे के घर के पास फेंकने की साजिश को भी अंजाम दिया गया। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस की एक टीम को जांच में कानपुर के बिल्हौर इलाके में रहने वाले छात्र के घर भेजा गया था। हालांकि छात्र नहीं मिला था, वह अपने रिश्तेदार के घर गया था। अब पुलिस टीम गोंडा निवासी चार और हरदोई जनपद के रहने वाले तीन अन्य छात्रों के घर जाएगी। पुलिस टीम वहां छात्रों के बयान दर्ज करेगी कि गुरुकुल संचालक कन्हैया लाल मिश्रा और उसकी महिला मित्र हर्षिता सोनी का बर्ताव छात्रों के साथ कैसा था? जिस बच्चे की मौत हुई, क्या उसे भी बेरहमी से मारा जाता था? छात्र को घटना के दिन किस बात पर पीटा गया था? इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर छात्र की मौत के संबंध में क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया जाएगा। उससे अहम साक्ष्य पुलिस को मिलेंगे। पारा स्थित गुरुकुल में संचालक कन्हैयालाल मिश्रा ने लाठी डंडे से पांचवीं के छात्र को जमकर पीटा था। सिगरेट से उसे दागा था। कई दिन तक भूखा रखा था। हाथ पैर बांधकर बंधक बनाकर रखा खा। अगले दिन बुधवार को उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद वह अपनी महिला मित्र के साथ अगले दिन स्कूटी से बच्चे को अस्पताल ले जाने के बहाने निकला। फिर कार से बच्चे को पैतृक आवास कानपुर महाराजपुर उसके घर पर फेंककर भाग निकले थे। बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था। पुलिस का मानना है कि इस पूरे नेटवर्क और गुरुकुल के संचालन के पीछे की सच्चाई अभी सामने आनी बाकी है।

### इस हफ्ते पारा पुलिस को जांच होगी ट्रांसफर

- अब इस मामले की जांच जल्द ही पारा पुलिस को ट्रांसफर की जाएगी। पुलिस टीम कानपुर, गोंडा और हरदोई में अन्य आठ बच्चों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी तक सभी के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। वहीं, संचालक के पिता से भी पूछताछ की तैयारी है, जो अयोध्या में रहते हैं। जरूरत पड़ने पर उन्हें भी जांच में शामिल किया जाएगा। पारा पुलिस ने अपनी ओर से घटना से संबंधित जांच शुरू कर दी है। विवेचना ट्रांसफर होते ही वहां की पुलिस से सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्य लिए जाएंगे। इसके साथ हम विवेचना में अपने इलेक्ट्रानिक और वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन कर लगाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### दुकान लगाने के विवाद में युवक को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जी-20 चौराहे पर दुकान लगाने को लेकर दबंगों ने दुकानदार को पीट दिया। मूलत: राजस्थान निवासी लक्ष्मण गुर्जर विजय नगर के नीलमथा में रहते हैं। लक्ष्मण के मुताबिक वह पिछले पांच सालों से जी-20 चौराहे पर बादाम शेक की दुकान लगते है। मंगलवार सुबह वह दुकान लगाने पहुंचे थे। इसी बीच संचित शुक्ला और उसके भाई ने आपत्ति की। आरोप है कि विरोध करने पर संचित ने रॉड से सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किया। जिससे उसका सिर फट गया। वहीं, संचित के साथी दीपक, राजकुमार व 6 अन्य लोग आ गये। सभी ने उसकी पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### महिला के पर्स से जेवर व नकदी चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज से दुबग्गा के लिए ई-रिक्शे पर बैठकर जा रही महिला के बैग से जेवर व दस हजार रुपये चोरी हो गए। पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दुबग्गा के फरीदीपुर स्थित सुमितनगर निवासी आशा 23 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे रिंग रोड से बेटी संग ई-रिक्शे पर बैठकर जा रही थी। फरीदीपुर गली नंबर-3 के सामने उतर गयी। रिक्शे से उतरकर बैग खोला तो दो सोने की अंगूठी, पायल व 10 हजार रुपये गायब थे। पीड़िता का कहना है कि ई-रिक्शे पर सवार अज्ञात लोगों ने बैग से माल चोरी किया है।

### बस से महिला का बैग उड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग बस अड्डे से बस पर सवार महिला का बैग उचक्के ने पार कर दिया। बैग में जेवर व कपड़े थे। वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नाका के दुगावां हरिनगर निवासी अर्चना सोनकर 20 अप्रैल की दोपहर परिवार संग कैसरबाग बस अड्डे पर पहुंची। बस्ती जाने के लिए बस पर सवार होने लगी। बस चलने के दौरान चोर मौका देख उनका एक बैग उठा ले गया। कुछ देर बाद पीड़िता ने बैग खोजा तो वह गायब था। अर्चना ने बताया कि बैग में जेवर व कपड़े थे। वापस लौटने के बाद पीड़िता ने वजीरगंज कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पत्नी को दिया तलाक सामान में लगाई आग

**अमृत विचार, लखनऊ:** सआदतगंज क्षेत्र में युवक शादाब ससुराल पहुंचा और पत्नी सबा व परिजनों से गाली-गलौज कर मारपीट की। उसने घर में आग लगाने की कोशिश की। विरोध पर उसने सबा को तीन तलाक देकर चला गया। उसके बाद वह अपने घर पहुंचा और मायके से मिले सामान में आग लगा दी और कीमती सामान लेकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मारपीट, धमकी और मुस्लिम महिला अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। पीड़िता ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सुरक्षा का आश्वासन दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच जारी है।

### स्कूटी के शोरूम में आग, 13 वाहन जले

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा के कुर्सी रोड स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम में सोमवार देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। शोरूम से धुआं निकलता देख ऊपरी मंजिल पर रहने वाली युवती ने मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मालिक ने शटर खोलकर देखा तो अंदर खड़ी स्कूटियां धू-धू कर जल रही थीं। परिवार और आसपास के लोगों की मदद से आठ स्कूटियां सुरक्षित बाहर निकाल ली गईं, जबकि 13 स्कूटियां जलकर राख हो गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कुर्सी रोड निवासी रविंद्र नाथ तिवारी का इलेक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम मकान के निचले हिस्से में है। उसके ऊपर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा संचालित होती है, जबकि ऊपरी मंजिलों पर वह परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात करीब एक बजे घर में मौजूद युवती कुमकुम ने शोरूम से धुआं उठता देखा और तुरंत रविंद्र को जानकारी दी। रविंद्र के अनुसार सूचना मिलते ही वह नीचे पहुंचे और शोरूम का ताला खोलकर अंदर गए, जहां स्कूटियों में आग लगी थी।

## युवती से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, वायरल की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विकासनगर पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को दबोचा**

**अमृत विचार:** विकासनगर इलाके में रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया। उसकी वीडियो बनाई। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक 23 मार्च को एक युवती ने विकास नगर थाने में आरोपी अनुग्रह नरायण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वॉयरल करने की धमकी देकर आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को आरोपी अनुग्रह को इंदिरानगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अनुग्रह नरायण, इंदिरानगर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

## पत्नी को बेरहमी से पीटा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **घायल हालत में 19 अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल में कराया गया था भर्ती**

**अमृत विचार:** मदेयगंज इलाके में आए दिन शराब के लिए टोकने पर पति ने नशे में धुत होकर पत्नी की पिटाई कर दी। घायल पत्नी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान करीब दिन बाद महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। एसओ मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

मूल रूप से खदरा निवासी राधा (25) की शादी वर्ष 2018 में केशवनगर पुरनिया निवासी मोनू रावत से हुई थी। उनके दो बेटे हैं। मोनू मजदूरी करता है। भाई सोनू ने बताया कि बहनोई मोनू शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर आता है। पत्नी राधा विरोध करती तो मारपीट करता था। आरोप है कि 19 अप्रैल की रात मोनू शराब के नशे में घर पहुंचा। पति को नशे में देख राधा ने विरोध किया तो मोनू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पत्नी को बेरहमी से पीटा।

सिर पर चोट लगने से राधा खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। खबर मिलते ही परिवारवाले वहां पहुंचे तो राधा बेहोश मिली। परिजन ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन-फानन में घायल को गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार देर रात इलाज के दौरान राधा की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

मदेयगंज एसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई सोनू ने घटना की सूचना थाने पर दी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच के साथ ही वजीरगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम की कॉपी मांगी गयी है।

## ढाबा मालिक व कर्मचारियों ने तीन युवकों को पीटा, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **गोमतीनगर विस्तार के लखनऊ दरबार ढाबा में सोमवार शाम हुई घटना**

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार स्थित जलवा लखनऊ दरबार ढाबा में सोमवार देर शाम महिला मित्र के साथ पहुंचे तीन युवकों पर ढाबा मालिक व कर्मचारियों ने हमला कर दिया।

मूल रूप से गुजरात के अहमदाबाद निवासी राहुल सिंह, जो दुबग्गा के नारायणपुर कॉलोनी में रहते हैं, के अनुसार वह अपने दोस्त ऋषभ चौधरी, इरफान और एक परिचित महिला के साथ पहले जलवा डीजे क्लब गए थे। वहां से सभी खाना खाने ढाबा पहुंचे, जहां किसी बात को लेकर ढाबा मालिक अभि यादव व दशरथ सिंह से विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। ऋषभ के सिर पर ईंट से वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। राहुल व इरफान को भी पीटा गया। तीनों घायल किसी तरह वहां से भाग निकले।

इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## अपार्टमेंट के गार्डों को डंडे से पीटा गमले फेंककर मारे, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** पुलिस मुख्यालय के पास अहिमामऊ स्थित ओमेक्स आर-2 अपार्टमेंट में सोमवार रात शराब के नशे में धुत युवकों ने जमकर बवाल किया। बिना अनुमति प्रवेश से रोकने पर आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्डों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और गमले फेंककर मारे। हमले में तीन गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे सात-आठ युवक अपार्टमेंट में घुसने का प्रयास कर रहे थे। गार्डों ने रोकने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने सजावट के गमले उठाकर फेंके और डंडों से हमला किया। इस दौरान वहां मौजूद अन्य लोगों से भी अभद्रता की गई और गेट तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोके रखा।

मारपीट में गार्ड आनंद, मयंक दीक्षित और सत्यनाम वर्मा घायल हो गए। प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण मुरारी शुक्ला ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

पुलिस ने कृष्ण मुरारी शुक्ला की तहरीर पर हरिविजय सिंह समेत सात अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक मुख्य आरोपी हरिविजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य की तलाश जारी है। क्षेत्र में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है।


## छेड़छाड़ को लेकर दो पक्ष भिड़े, तीन के फटे सिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सामने साइबर हाइट्स स्थित बिग डैडी क्लब में सोमवार देर रात छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से बेल्ट, डंडे, बीयर की बोतलें और फोर्क तक चलने लगे। अचानक हुई इस घटना से क्लब में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में तीन युवक घायल हो गए, जिनमें दो के सिर फट गए। सूचना पर पहुंची विभूतिखंड पुलिस ने हालात संभाले और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। दोनों पक्षों की तहरीर पर छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मारपीट में घायल युवक



खून से लथपथ युवक।

इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि कठौता चौराहे के पास रहने वाला एक युवक अपने दोस्त की बहन और दो अन्य युवतियों के साथ क्लब में पार्टी करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान रायबरेली के रावतपुर निवासी शिवेंद्र सिंह के पक्ष के एक युवक ने युवती की कमर पर गलत तरीके से हाथ रख दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने युवक को लिफ्ट से खींचकर पार्किंग तक ले जाकर बेल्ट, डंडों और फोर्क से पीटा। युवतियों के साथ भी अभद्रता और धक्का-मुक्की की गई।

वहीं, दूसरे पक्ष के शिवेंद्र सिंह और वरुण कश्यप का कहना है कि पहले युवक ने गाली-गलौज की और बीयर की बोतल व फोर्क से हमला किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता को बेरहमी से पीटा, फिर छत से नीचे फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मड़ियांव के गायत्रीनगर इलाके में विवाहिता को ससुरालवालों ने पीटने के बाद छत से फेंक दिया। बख्शी का तालाब स्थित गोहना गांव निवासी नागेन्द्र सिंह ने बताया कि बेटी दीप्ति सिंह उर्फ गोल्डी की शादी गौरव सिंह निवासी गायत्री नगर नौबस्ता पुलिया से की थी। शादी के बाद दीप्ति, पति गौरव सिंह, सास पुष्पा सिंह व अन्य परिजन के साथ रहती है।

आरोप है कि 26 अप्रैल को सूचना मिली कि उनकी बेटी को ससुरालवालों ने बेरहमी से पीटा है। जानकारी मिलते ही पिता वहां पहुंचे। पता चला कि आसपास के लोगों ने घायल दीप्ति को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि विवाहिता दीप्ति की कमर के नीचे की हड्डी टूट गयी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पिता नागेंद्र ने सोमवार को मामले की शिकायत मड़ियांव थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गौरव, उसकी मां पुष्पा, बहन सुहानी, मौसी शैल कुमारी, मौसा शीतला बक्श सिंह और उनका बेटे विशाल के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## क्रिप्टो ट्रेडिंग व एसआईपी के नाम पर व्यवसायी से 1.15 करोड़ रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** जालसाजों ने एसआईपी निवेश और क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर एक बुजुर्ग व्यवसायी से करीब 1.15 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। बैंककर्मी के माध्यम से संपर्क में आए आरोपी ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताकर भरोसे में लिया और भारी मुनाफे का लालच दिया। तय समय पर लाभ न मिलने पर पीड़ित ने बेटे को जानकारी दी। जांच में ठगी सामने आने पर कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के अनुसार मामले की जांच साइबर सेल की मदद से की जा रही है।

आलमबाग के पूरन नगर निवासी राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2019 में यूनियन बैंक के एक कर्मचारी के जरिए उनकी मुलाकात आशियाना निवासी हिमांशु गिहार उर्फ आजाद से हुई। उसने खुद को एसआईपी व ट्रेडिंग का जानकार बताते हुए बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाया। शुरुआत में कुछ रकम वापस कर विश्वास जीता, फिर नुकसान का हवाला देकर वर्ष 2023 में दोबारा निवेश कराया।

पीड़ित ने विभिन्न कंपनियों के नाम पर पहले करीब 19.59 लाख रुपये निवेश किए। इसके बाद आरोपी ने क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर वर्ष 2023 से 2025 के बीच कुल 1.15 करोड़ रुपये लगवा लिए। आरोपी ने अपने व परिचितों के खातों में रकम ट्रांसफर कराई और ईमेल से स्क्रीनशॉट भेजकर भरोसा बनाए रखा। नवंबर 2025 तक रकम लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन पैसा नहीं मिला। बेटे द्वारा जांच करने पर फर्जी दस्तावेजों से ठगी का खुलासा हुआ, जिसके बाद पीड़ित ने मामला दर्ज कराया।

## कार में छूटा जेवर भरा बैग पांच दिन बाद मिला वापस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बारकोड के जरिये चालक तक पहुंची पुलिस, बरामद किया सामान**

**अमृत विचार:** काकोरी पुलिस ने तकनीक के सहारे चालक तक पहुंचकर कार में छूटा जेवर से भरा बैग पांच दिन बाद बरामद कर लिया। जिसे थाने में पीड़ित को सौंप दिया। बीबीडी के तारा का पुरवा निवासी लवकुश मौर्य 23 अप्रैल को अपने घर से काकोरी के कौड़िया खेड़ा गांव किसी काम से आए थे। इसके के लिए उन्होंने मोबाइल एप के जरिए कार बुक किया था। यात्रा पूरी करने के बाद वह उतर गए, लेकिन उनका जेवर और बैग कार में ही छूट गया। शुरुआत में उन्हें इसकी जानकारी नहीं हो सकी। घटना के करीब पांच दिन बाद जब उन्हें बैग और जेवर के गुम होने का पता चला तो उन्होंने काकोरी थाने में लिखित शिकायत दी। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर ने जांच शुरू की। जांच के दौरान उपनिरीक्षक छत्रजीत ने पेमेंट के लिए उपयोग किए गए बार कोड को खंगाला। उससे जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए कार चालक से संपर्क किया गया। पुलिस ने सामान बरामद कर पीड़ित लवकुश मौर्य को सौंप दिया। अपना सामान वापस पाकर युवक ने पुलिस का आभार जताया।

**कार्रवाई** | बिना पंजीकरण और नियमों को दरकिनार कर दिया जा रहा था प्रशिक्षण

## फर्जी ड्राइविंग स्कूल की दूसरी गाड़ी भी सीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन की जांच में एक फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल का भंडाफोड़ हुआ है। खास बात यह है कि इससे पहले रविवार को भी इसी स्कूल की एक गाड़ी सीज की गई थी, जबकि मंगलवार को फिर कार्रवाई में दूसरी गाड़ी पकड़ी गई। इससे स्पष्ट हुआ कि बिना पंजीकरण और नियमों के खुलेआम प्रशिक्षण चलाया जा रहा था।

आईआईएम रोड स्थित यादव चौराहा के पास 'सिद्धि विनायक मोटर ट्रेनिंग स्कूल' के नाम से संचालित संस्थान आरटीओ में पंजीकृत नहीं पाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि प्रशिक्षक के पास केवल लर्निंग लाइसेंस था, जबकि वह लोगों को ड्राइविंग सिखा रहा था।




गाड़ी सीज करने की कार्रवाई करते अधिकारी। अमृत विचार

एआरटीओ प्रवर्तन आलोक कुमार यादव ने मौके पर कार को रोककर जांच की तो पाया कि वाहन निजी है और उसके पास फिटनेस, बीमा व प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र भी नहीं थे। वाहन चालक संचित कुमार, निवासी लखनऊ, के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि वाहन स्वामी नवाब हसन के विरुद्ध मड़ियांव थाने में तहरीर दी गई है।

प्रशासन ने वाहन को सीज करते हुए 22,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। अधिकारियों का कहना है कि बिना मानक और वैध दस्तावेजों के प्रशिक्षण देना लोगों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

## बिना हेल्मेट और नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 86 लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कार्रवाई में तीन महीनों के दौरान 570 चालकों को नोटिस**
- **कैमरों और अभियान चलाकर हो रही निगरानी**

**अमृत विचार:** आरटीओ कार्यालय और यातायात पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत बिना हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाने और बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। पिछले तीन महीनों में 86 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, जबकि 250 से अधिक को नोटिस जारी किया गया है।

एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह प्रशासन ने बताया कि पांच या उससे अधिक बार नियम तोड़ने वालों में सबसे ज्यादा मामले बिना हेल्मेट के पाए गए हैं। इसके अलावा नशे में वाहन चलाने पर 18 और खतरनाक ड्राइविंग के 20 मामलों में लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि में वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की जाएगी। 570 वाहन चालकों को नोटिस भेजे गए हैं और चालान भी किए गए हैं, जिनमें 250 से अधिक बिना हेल्मेट के मामले शामिल हैं। आरटीओ का कहना है कि कैमरों और विशेष अभियान के जरिए लगातार निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नोटिस का जवाब न देने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे और उनके लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।



## सिटी ब्रीफ

### लविवि में सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से शैक्षिक सत्र 2025-26 की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 46,277 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 22,888 छात्र और 23,389 छात्राएं शामिल रहीं। सुबह की पाली में 4,315 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 2,036 छात्र और 2,279 छात्राएं थीं, जबकि 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 41,962 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 20,852 छात्र और 21,110 छात्राएं शामिल थीं। इस पाली में 305 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इस तरह कुल 396 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कहीं से भी नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई शिकायत नहीं मिली। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू रही। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा वातावरण सुनिश्चित करना है।

### समर्थ पोर्टल से होगी प्रवेश प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया गया। बैठक में यूपीटीएसी के माध्यम से हर वर्ष इंजीनियरिंग सहित अन्य पाठ्यक्रमों में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया को इस बार समर्थ पोर्टल के जरिए कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल से ही संचालित होगी। बीटेक प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भी चर्चा हुई, जिसका कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, प्राचार्या एफओएपी प्रो. वंदना सहगल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# लविवि में फार्मेसी और फार्मा प्रबंधन के नए पाठ्यक्रम शुरू

## दोनों पाठ्यक्रमों में 16-16 सीटें, ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एमबीए फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री का नया पाठ्यक्रम शुरू

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 से फार्मेसी विभाग में तीन नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इनमें दो एम.फार्म. और एक एमबीए कार्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

विश्वविद्यालय एम.फार्म. के तहत फार्माकोलॉजी और फार्मास्यूटिक्स शाखाओं की शुरुआत कर रहा है। दोनों पाठ्यक्रमों में 16-16 सीटें निर्धारित हैं और ये फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमोदित हैं। प्रवेश के लिए बी.फार्म. में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक आवश्यक होंगे। जिपैट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी



जाएगी, जिनका चयन ऑल इंडिया रैंक के आधार पर होगा। इसके बाद सीयूईटी पीजी (फार्मेसी) मेरिट से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय स्वयं परीक्षा आयोजित करेगा।

तेजी से बढ़ती फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की मांग को देखते हुए एमबीए (फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट) पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है, जिसमें 75 सीटें हैं। यह कोर्स छात्रों को फार्मा उद्योग, मार्केटिंग और प्रबंधन में अवसर प्रदान करेगा। इसमें प्रवेश के लिए बी.फार्म., बीटेक (केमिकल, बायोटेक, बायोमेडिकल), बीएससी (रसायन विज्ञान) या एमएससी डिग्री जरूरी है। सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत और एससी-एसटी के लिए 45 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं।

एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय अलग से परीक्षा आयोजित करेगा। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून तय की गई है।

### फीस को लेकर छात्रों में आक्रोश

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों में आक्रोश बढ़ गया है। छात्रों का आरोप है कि पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में एमए प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की फीस में अतिरिक्त राशि जोड़ी जा रही है। छात्रों के अनुसार नियमित फीस के अलावा करीब 1000 रुपये तक "डेवलपमेंट" और "स्टूडेंट एडिशनल" के नाम पर वसूले जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुल फीस जोड़ने पर भी करीब 50 रुपये अतिरिक्त दिखाए जा रहे हैं। आरोप है कि फीस रसीद में दर्शाई गई राशि और कुल योग में अंतर है, जिससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर एनएसयूआई और छात्र सभा के पदाधिकारी कुलपति से मिलने पहुंचे और मामले की शिकायत की। छात्रों ने अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान विशाल सिंह, प्रिंस प्रकाश, प्रेम प्रकाश, अहमद रजा, तौकील गाजी, रुस्तम यादव और प्रसन्न शुक्ला समेत कई छात्र मौजूद रहे।

# 28 को समाज कार्य सेवा दिवस घोषित

- पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर स्मृति व्याख्यान व आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मंगलवार को प्रख्यात शिक्षाविद व पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया और उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घोषणा की कि विश्वविद्यालय में हर वर्ष 28 अप्रैल को 'समाज कार्य सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

कुलपति ने कहा कि विभाग ने एक स्वस्थ शैक्षणिक परंपरा की शुरुआत की है, जिससे नई पीढ़ी को प्रो. सुरेन्द्र सिंह के योगदान से अवगत कराया जा सकेगा। मुख्य वक्ता प्रो. राज कुमार सिंह ने उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज कार्य को एक सशक्त विचारधारा के रूप में स्थापित किया।

सेवानिवृत्त प्रो. ए.एन. सिंह ने उनके अनुशासनप्रिय और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को याद किया, जबकि प्रो. आरबी सिंह और प्रो. ज्योत्सना सिंह ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने उन्हें अपनी प्रेरणा बताया।

कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय कर्मचारियों ने जताया विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की बैठक में कुलसचिव के खिलाफ विरोध जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। परिषद ने आरोप लगाया कि कुलसचिव ने नियमावली के विपरीत कार्यकारिणी को भंग करने की कार्रवाई की और चुनाव अधिकारी की अधिसूचना से पहले ही उनके प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। बैठक में उपाध्यक्ष सी.पी. सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह प्रस्ताव अध्यक्ष राकेश यादव ने रखा, जिसका अनुमोदन उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह और महामंत्री संजय शुक्ला ने किया। बैठक में मंत्री बाबूलाल, दिनेश वाल्मीकि, के.पी. सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना, संगठन मंत्री शिवानंद द्विवेदी, प्रचार मंत्री अमित सक्सेना सहित सदस्य मुकेशधर दूबे, सोमनाथ, अशोक कुमार, अमित कुमार, लालबाबू और पवन कुमार मौजूद रहे और सभी ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

### एलयू छात्रों के पास नौकरी का मौका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस में करियर के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके तहत सेल्स मैनेजर पद पर भर्ती की जाएगी, जिसका कार्यक्षेत्र लखनऊ रहेगा। चयनित अभ्यर्थियों को टीम प्रबंधन, बिक्री लक्ष्य हासिल करना, ग्राहकों से संबंध विकसित करना और व्यवसाय विस्तार से जुड़े कार्य करने होंगे। प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### लाइब्रेरी व कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस में अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, डान्स रूम एवं सुसज्जित लॉबी समेत विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं का शुभारम्भ सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के हेतु सी.एम.एस. के प्रयासों की दिल खोलकर सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नृत्य, गायन व अन्य शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस के नवीनीकरण के अन्तर्गत भावी पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा पद्धति के तौर-तरीके से तैयार किया गया है।

# योगा ओलंपियाड : आठ खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड में प्रदेश के 18 मंडलों से आए प्रतिभागियों ने योग और प्राणायाम के जरिए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण आठ श्रेष्ठ खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन रहा।

बालक वर्ग में बस्ती मंडल के श्यामदेव ने 83 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। लखनऊ के आर्यन यादव 80 अंकों के साथ दूसरे, आगरा के सत्यदेव 77.33 अंकों के साथ तीसरे और मुरादाबाद के दक्ष सागर 67.83 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। ये चारों खिलाड़ी अब राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में राज्य स्तरीय योग ओलपियाड प्रतियोगिता प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

बालिका वर्ग में लखनऊ मंडल की सोनाली ने 90 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आगरा की तन्नू 81.66 अंकों के साथ दूसरे, बस्ती की भूमिका 69.66 अंकों के साथ तीसरे और अयोध्या मंडल की वर्तिका सिंह 63.33 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इन चारों खिलाड़ियों का चयन भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. प्रदीप कुमार ने किया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह, रेखा दिवाकर सहित अन्य अधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# एकेटीयू में गुजरात स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत मंगलवार से हो गई।

विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए बीकेटी के पहाड़पुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में टीम ने विद्यालय परिसर की सफाई की और बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिक्षकों से भी बच्चों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित करने की अपील की गई।

इसके बाद विश्वविद्यालय की टीम कस्तूरबा गांधी विद्यालय



कुम्हरावां पहुंची, जहां सरोज पांडेय के नेतृत्व में छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन की जानकारी दी गई। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से दो पैडल सिलाई मशीन भी प्रदान की गईं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यालयों को सुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील की। सरोज पांडेय ने भी छात्राओं को संस्कार और शिक्षा का महत्व बताया।



राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में जल शक्ति अभियान कैच द रेन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं।

# रोवर्स-रेंजर्स शिविर में छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में मंगलवार को रोवर्स-रेंजर्स इकाई की ओर से विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. केके शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स, भारतीय स्काउट एंड गाइड्स का महत्वपूर्ण प्रभाग है, जो युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करता है।

प्राचार्य ने कहा कि ऐसे शिविर छात्र-छात्राओं को कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की समझ देते हैं और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना की।

शिविर के दौरान छात्रों ने मंकी ब्रिज बनाना, बिना बर्तनों के भोजन तैयार करना और आपदा की स्थिति में कैंपिंग कर घायलों को प्राथमिक उपचार देने जैसे कौशल सीखे। साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रो. बलवंत सिंह, डॉ. गिरजेश त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. अनामिका सक्सेना, डॉ. डीएम त्रिपाठी, डॉ. अनिकेश प्रकाश, डॉ. संजय कुमार सिंह और डॉ. एसके त्रिपाठी सहित कई शिक्षक व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


## सिटी डायरी



कार्यक्रम में मौजूद योगगुरु रामदेव, मंत्री गुलाब देवी व अन्य।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, स्वामी रामदेव और विशिष्ट अतिथि डॉ एनपी सिंह सहित संतों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यालय क्रिश्चियन कॉलेज लखनऊ परिसर में शुरू हुआ। स्वामी रामदेव ने कहा कि योग क्रांति के बाद अब शिक्षा क्रांति की शुरुआत लखनऊ से हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाले बच्चे आतंकवादी या हिंसक प्रवृत्ति के नहीं बनेंगे और यह बोर्ड विश्व स्तर पर पहचान बनाएगा। उन्होंने मैकाले की शिक्षा नीति की आलोचना भी की। गुलाब देवी ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली दिशाहीन होती जा रही है और यह बच्चों को संस्कारों से दूर कर रही है।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं नर्सिंग छात्राएं।

### एकता में विविधता का दिया संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नर्सिंग कॉलेज में मंगलवार को गुजरात स्थापना दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करते हुए एकता में विविधता का संदेश दिया गया। नृत्य गरबा और डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। समूह गीत, युगल नृत्य और समूह नृत्य प्रस्तुतियों भी विद्यार्थियों ने दी। संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम सिंह, डीन प्रो. डॉ. प्रद्युम्न सिंह, नर्सिंग कॉलेज के अध्यक्ष प्रो. डीके श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य प्रो. निपिन कलाल व मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह उपस्थित रहे। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह के संबोधन के पश्चात निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने गुजरात के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताया।



संगोष्ठी में मौजूद लोग।

### आधुनिक तकनीक से आया बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी स्टेट सेंटर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया की ओर से मंगलवार को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी में "इंडस्ट्री 4.0 : ट्रांसफार्मिंग द फ्यूचर ऑफ मैन्युफैक्चरिंग एंड टेक्नोलॉजी" विषय पर तकनीकी व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक कुमार ने कहा कि स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग से विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है। इससे उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और कार्यकुशलता बढ़ रही है। अध्यक्षता इं. वीपी सिंह ने की और ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताया। संयोजक इं. विनोद सक्सेना रहे तथा संचालन इं. एनके निषाद ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद नर्सिंग छात्राएं व चिकित्सक।

### नाटक के माध्यम से दिया परिवार नियोजन का संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर चिकित्सालय स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को परिवार नियोजन जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से विभिन्न साधनों व उनके उपयोग की जानकारी दी। मुख्य अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान ने कहा कि परिवार नियोजन मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्रिंसिपल रागिनी त्रिवेदी शशिकला सुमन, दिव्या श्रीवास्तव, साधना सिंह व आशुतोष द्विवेदी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 2 व 3 को

अमृत विचार, लखनऊ : वीकेएस जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी दो और तीन मई को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के ओलंपिक साइज तरणताल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में शहर भर के तैराक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

यूपी ओलंपिक संघ के डायरेक्टर रविन कपूर ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और खेल क्लबों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य तैराकी को बढ़ावा देना और उभरते खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जून महीने में एक और बड़ी तैराकी प्रतियोगिता कराने की तैयारी चल रही है, जिसकी तिथियां जल्द घोषित की जाएंगी।

### सिराज खान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट जल्द

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में अंडर-16 सिराज खान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जल्द किया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए एंट्री भेजने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय की गई है। एसोसिएशन के सचिव केएम खान ने बताया कि वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिनका जन्म 1 सितंबर 2010 या उसके बाद हुआ हो। सभी खिलाड़ियों का एसोसिएशन में पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक टीम में 14 खिलाड़ी शामिल होंगे, जबकि अधिक खिलाड़ियों वाले क्लब एक से अधिक टीमें उतार सकते हैं। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट आधार पर आयोजित की जाएगी, जिसमें हर टीम को कम से कम छह मैच खेलने का अवसर मिलेगा।

# हॉकी छात्रावास चयन शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची की जाएगी तैयार
- सूची के अनुसार ही हॉकी छात्रावासों में मिलेगा प्रवेश

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में सत्र 2026-27 के लिए हॉकी खिलाड़ियों के चयन हेतु आयोजित 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। यह शिविर 15 से 29 अप्रैल तक गोमती नगर स्थित विजयंत खंड स्टेडियम में चला, जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उसी के अनुसार विभिन्न हॉकी छात्रावासों में प्रवेश दिया जाएगा।

समापन से पूर्व मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रजनीश मिश्रा ने प्रतिभागियों को टी-शर्ट और प्रमाण पत्र वितरित किए। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शाहिद कमाल ने भी खिलाड़ियों को टी-शर्ट भेंट की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा सहित अन्य खेल अधिकारी मौजूद रहे।

कार्रवाई की चेतावनी | प्रतिबंध के फैसले का खिलाड़ियों ने किया विरोध

# अवैध क्रिकेट टूर्नामेंट पर सीएएल सख्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने शहर में चल रही अवैध और अपंजीकृत क्रिकेट प्रतियोगिताओं पर सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में हुई कार्यकारिणी बैठक में निर्णय लिया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएएल के सचिव केएम खान ने बताया कि एसोसिएशन से पंजीकृत कोई भी खिलाड़ी यदि अपंजीकृत प्रतियोगिताओं में खेलता पाया गया



तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। ऐसे खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया से भी बाहर किया जा सकता है। इसके अलावा पंजीकृत अंपायरों और स्कोररों को भी चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति किसी प्रतियोगिता में कार्य करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

दूसरी ओर, इस फैसले का विरोध भी शुरू हो गया है। खिलाड़ी संघर्ष मोर्चा के सचिव अरशी रजा ने इसे तानाशाही करार देते हुए आदेश वापस लेने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएएल क्लबों को प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अनुमति नहीं देता और अधिक शुल्क वसूलता है, जबकि 150 से अधिक पंजीकृत क्लबों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि आदेश वापस न होने पर विरोध तेज किया जाएगा और मामले की शिकायत यूपीसीए से की जाएगी।

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 29 अप्रैल 2026



# मकान मालकिन ने बेइज्जत किया तो दे दी जान

## ठाकुरगंज के गुलालाघाट इलाके में पति को फंदे पर लटका देख पत्नी ने मांगी पड़ोसियों से मदद, कोई नहीं आया आगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ठाकुरगंज में गुलाला घाट इलाके में किराए के मकान में रहने वाले श्याम बाबू मिश्र (25) ने मकान मालकिन की अभद्रता से आहत होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति को लटका देख पत्नी ने मोहल्लेवालों से मदद मांगी लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया। एक राहगीर ने दरवाजा तोड़कर श्याम बाबू को नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

मूल रूप से अयोध्या के थरिया कला निवासी श्याम बाबू मिश्र करीब छह माह पहले से ठाकुरगंज इलाके में पत्नी सीमा और एक साल की बेटी के साथ किराए पर रह रहे थे। श्याम बाबू पेंटिंग का काम करते थे। मकान मालकिन ने दो हजार प्रति माह पर किराए पर कमरा दिया था। सीमा ने बताया कि हर माह की 25 तारीख को किराया देना होता था। 24 अप्रैल को श्याम बाबू ने मकान मालकिन को 800 रुपये दिए थे। शेष 1200 रुपये जल्द देने की बात कही थी। आरोप है कि सोमवार शाम सात बजे श्याम बाबू काम से घर लौटे थे।

सीमा ने बताया कि उनकी बेटी मकान मालकिन के कमरे में खेल रही थी। सीमा बेटी को लेने कमरे में गईं तो मालकिन ने शेष किराया मांगा। इसपर सीमा ने कहा कि पति आ गए हैं। आप उनसे ही बात कर लीजिए। मकान मालकिन श्याम बाबू के पास पहुंची और किराया देने के लिए कहा। श्याम बाबू ने दो दिन की मोहलत मांगी, जिसपर महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। मालकिन ने कहा कि अगर किराया नहीं दोगे तो कमरे में ताला बंद रहेगा। हंगामा होता देख आसपास के लोग भी वहां आ गए। सीमा ने बताया कि पड़ोसियों के सामने ही मालकिन से श्याम बाबू की बहुत बेइज्जती की।

इससे आहत होकर श्याम बाबू ने दुपट्टे और पंखे के सहारे फंदा लगा लिया। सीमा ने खिड़की से झांककर देखा तो पति फंदे पर लटके मिले। सीमा ने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी, लेकिन पड़ोसी वहां से भाग निकले। किसी ने भी दरवाजा तोड़ने की कोशिश नहीं की। सीमा ने रोते हुए कुछ दूरी पर रहने वाली ननद अंजली को फोन कर मामले की जानकारी दी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर राजू ने दरवाजा तोड़कर श्याम बाबू को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम बाबू को मृत घोषित कर दिया।

### राजमिस्त्री ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के कल्ली पूरब घाघ में सोमवार देर रात राजमिस्त्री बबलू गौतम (40) ने फंदा लगाकर जान दे दिया।परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। परिजन के मुताबिक सोमवार रात परिवार के सभी लोगों ने साथ खाना खाया। इसके बाद कमरे में सोने चले गए। मंगलवार सुबह पत्नी की नींद खुली। वह घरेलू काम करने लगी। ऊपरी कमरे में झाड़ू लगाने पहुंची तो देखा बबलू फंदे से लटका था। उसकी चीख पुकार सुनकर परिवार व आसपास के लोग जुट गये। पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पत्नी से पूछताछ में बताया कि तीन पहले किसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी बात से बबलू नाराज चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में घरेलू कलह के कारण खुदकुशी की बात सामने आ रही है। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में घायल एक और अधेड़ ने दम तोड़ा

**अमृत विचार, मालः** थाना क्षेत्र बीरपुर गांव के पास 24 अप्रैल को पेड़ से टकराकर ई-ऑटो सवार घायल हुए एक और व्यक्ति रामबिलन (58) ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।माल के ग्राम पंचायत आंट गढ़ी सौंरा के गढ़ी निवासी अमर ने बताया कि पिता रामबिलन शहर में मजदूरी करते थे। 24 अप्रैल को मजदूरी कर ई-ऑटो से घर आ रहे थे। चालक लापरवाही से तेज गति से ऑटो चला रहा था। बीरपुर गांव के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी।

## सिटी ब्रीफ

### टप्पेबाजों ने कार से पार किया आई फोन

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में टप्पेबाजों ने कार में टक्कर लगने के बाद युवक का ध्यान भटकाकर आईफोन पार कर दिया। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आलमबाग ओमनगर निवासी दिनेश पांडेय ने बताया कि 25 अप्रैल की शाम नादरगंज से घर आ रहे थे। इसी दौरान हॉलीडे इन के पास करीब 7 :11 बजे बाईं ओर पीछे से बाइक सवार ने कार टक्कर मार दी। ड्राइविंग सीट का शीशा खोलने पर एक युवक पीड़ित से भिड़ गया। इस बीच दाहिनी ओर से आए एक युवक ने पीछे एंबुलेंस खड़ी होने का झांसा देकर कार को आगे बढ़ाने के लिए कहा। पीड़ित का ध्यान भटक गया और बाएं ओर खड़े युवक ने कार में रखा आईफोन पार कर दिया। घर पहुंचने पर पीड़ित को टप्पेबाजी का पता चला। पीड़ित ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### भूमि विवाद में परिवार पर हमला, दंपति समेत चार घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र के भदोई गांव में रहने वाली सावित्री देवी ने गांव के ही अजेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, अवलेंद्र कुमार और विशाल के खिलाफ जमीन विवाद के दौरान परिवार पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सावित्री ने बताया कि उन्होंने अश्वनी पुत्र भगवान बक्स से जमीन खरीदी थी। आरोप है कि बाद में अश्वनी ने जमीन का पूरा कब्जा देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद सोमवार सुबह इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि अजेन्द्र, अश्वनी, अवलेन्द्र और विशाल ने मिलकर सावित्री, उसके पति अरुण व परिवार के विवेक और विपिन पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से सिर और चेहरे पर वार किए। हमले में सावित्री के चेहरे और जबड़े में गंभीर चोटें आईं और उसके सिर पर भी गहरा घाव हो गया। विपिन और अरुण कुमार के सिर में गम्भीर चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जमीन बंटवारे पर खूनी झड़प, परिवार के तीन लोग गंभीर घायल

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के सरसवां गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। लाठी-डंडों और रॉड से हुए हमले में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रहलाद रावत ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल 2026 को जमीन बंटवारे के विवाद में रंजीता, उसके बेटे राज, बेटी तन्नू व सूरज ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने लाठी-डंडों और रॉड से मारा। हमले में प्रहलाद, मां सुगाना और भाई लवकुश रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। परिजन ने घायलों को सीएचसी गोसाईंगंज में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, छोटी बहन को झाड़ू से पीटा

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र में घर में घुसकर युवक ने युवती से छेड़छाड़ की। विरोध करते हुए पीड़िता ने शोर मचाया तो छोटी बहन ने झाड़ू से आरोपी को पीटा। शोर होने पर आरोपी धमकाते हुए फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर माल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माल थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पीड़ित ने बताया कि सोमवार को परिवार के सभी लोग एक शादी में शामिल होने गए थे। घर पर 18 वर्षीय व 16 वर्षीय बेटियां थी। आरोप है कि इस बीच गांव का कृष्णा चोरी छिपे घर में घुस गया। आरोपी ने मौका देख बड़ी बेटी को दबोच लिया। बेटी के शोर मचाने पर छोटी बहन मदद के लिए दौड़ी। किशोरी ने विरोध करते हुए झाड़ू उठाकर आरोपी कृष्णा को पीटा। चींखपुकार होने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। देर रात परिजन शादी से लौटे तो पीड़ित बहनों ने आपबीती बतायी। पिता ने माल थाने में आरोपी कृष्णा के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# आईसीयू में जरा सी लापरवाही बन सकती है जानलेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नर्सिंग स्टाफ को दिया विशेष प्रशिक्षण, कैथेटर और वेंटिलेशन ट्यूब की सही देखभाल पर जोर

**अमृत विचार :** आईसीयू में भर्ती मरीज की सतत निगरानी और सतर्क देखभाल बेहद जरूरी है, छोटी सी चूक मरीज के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। कैथेटर व अन्य ट्यूब में जरा सी गड़बड़ी संक्रमण या सांस संबंधी जटिलताओं को जन्म दे सकती है , जो कई बार जानलेवा साबित होती है। ये जानकारी मंगलवार को केजीएमयू के पूर्व डीन पैरामेडिकल डॉ. विनोद जैन ने प्रशिक्षण के दौरान नर्सिंग ऑफिसर्स को दी।

चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में इंटीग्रेटेड पैरामेडिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 नर्सिंग ऑफिसर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें डॉ. जैन ने बताया कि कैथेटर सही ढंग से न लगाने और समय पर उसकी सफाई न करने से संक्रमण तेजी से फैल सकता है, जिससे मरीज की स्थिति बिगड़ सकती है। ऑक्सीजन या वेंटिलेशन से जुड़ी ट्यूब में रुकावट या गलत पोजिशन होने पर मरीज को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने मैकेनिकल वेंटिलेशन की मूल जानकारी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन से जुड़े जरूरी पहलुओं और मरीजों के सुरक्षित परिवहन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आईसीयू में भर्ती मरीजों की छोटी-छोटी गतिविधियों की निगरानी बेहद महत्वपूर्ण होती है, जिसकी जिम्मेदारी नर्सिंग स्टाफ पर होती है। कार्यक्रम में डीन डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय, कुलसचिव डॉ. आयुष लोहिया, डॉ. मधुलिका दुबे, डॉ. एस प्रिया, डॉ. रुचि सक्सेना, डॉ. इंदुबाला मौर्य, डॉ. अंजु दुबे, डॉ. अभिषेक पाण्डेय, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गजेंद्र और करतार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



इंटीग्रेटेड पैरामेडिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर्स और विशेषज्ञ।

### कैंसर संस्थान और जेंटुरियोटेक में करार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान और केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित जेंटुरियोटेक प्राइवेट लिमिटेड के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण करार हुआ। इस समझौते को स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी नवाचार और शोध को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और जेंटुरियोटेक की सीईओ कु. अजीशा भासी ने इसे डिजिटल स्वास्थ्य, क्लिनिकल रिसर्च और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में अहम पहल बताया। डॉ. एमएलबी भट्ट ने कहा कि यह करार स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लक्ष्य को साकार करेगा। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), वर्चुअल रियलिटी, वेब और एप्लिकेशन डेवलपमेंट जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित की जाएगी। इससे न केवल अनुसंधान क्षमताओं में वृद्धि होगी, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से मरीजों की देखभाल, चिकित्सा अनुसंधान और डिजिटल स्वास्थ्य समाधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होने की उम्मीद है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय, डॉ. अभिनव तिवारी, बोबिन चंद्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



एमओयू के साथ संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और जेंटुरियोटेक की सीईओ कु. अजीशा भासी व अन्य।

### चॉकलेट के बहाने बच्ची से की अश्लील हरकत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव में नशे में धुत युवक चॉकलेट दिलाने के बहाने मासूम बच्ची को बहाने से बाग में ले गया और अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी भाग निकला।

थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि ननिहाल में घर के बाहर छह वर्षीय बेटी खेल रही थी। तभी नशे में धुत गांव का एक युवक आया। आरोपी चॉकलेट दिलाने के बहाने बच्ची को अपने साथ बाग में ले गया। आरोप है कि आरोपी बाग में बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण बाग की ओर दौड़े। भीड़ को आता देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने बच्ची को उसके परिजनों को बुलाकर सौंपा। बच्ची डरी-सहमी थी। मां ने बच्ची को समझाकर पूछा तो उसने बताया कि अंकल लेकर गए थे और बाग में गंदी हरकत कर रहे थे। यह सुनकर पीड़ित परिजन के पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़ित मां बेटी को लेकर मलिहाबाद कोतवाली पहुंची और तहरीर दी।



सड़क पर धू-धू जलती आग।

# चलती कार में लगी आग चालक बाल-बाल बचा

संवाददाता, माल

**अमृत विचार :** रहीमाबाद के दौलतपुर गांव के पास मंगलवार शाम चलती कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर चालक सूझबूझ दिखाते हुए नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। जबतक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचती, तब तक कार जलकर बर्बाद हो चुकी थी।

माल के मसीढा हमीर निवासी शशिकेंद्र दीक्षित कौशल विकास मिशन में कार्यरत हैं। वह मंगलवार शाम को अपनी कार स्विफ्ट डिजायर से औरास क्षेत्र के जवन करौंदी गांव गए थे। शाम वहां से वापस आते समय दौलतपुर के बेहता नदी का पुल पार किया। इसी बीच बोनट से अचानक धुआं निकलने लगा। शशिकेंद्र ने कार का बोनट खोला तो आग भड़क उठी। हालात बिगड़ते देख उन्होंने भागकर जान बचाई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार उसकी चपेट में आ गई। ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। बीच सड़क पर जल रही कार के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना के करीब दो घंटे के बाद दमकल आई दमकल कर्मियों ने पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। दमकलकर्मियों ने बताया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन माह पहले हुई थी दूसरे संप्रदाय की युवती से दोस्ती



**अमृत विचारः** मोहनलालगंज के डेहवा निवासी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि युवक ने दूसरे संप्रदाय की युवती से दोस्ती की। उसे शादी का झांसा देकर दो माह तक शारीरिक शोषण किया। इसके बाद फरार हो गया। पीड़िता सोमवार देर रात तलाश करती हुई उसके घर पहुंची। हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पीड़िता के मुताबिक डेहवा निवासी अभिषेक गौतम वेयर हाउस में काम करता था। युवती से तीन माह पहले उसकी मुलाकात हुई। उसने शादी का झांसा देकर हरिकंशगढ़ी में किराये के कमरे में साथ रहने लगा। इसीबीच वह गर्भवती हो गई। युवक ने उसका गर्भपात करा दिया। एक माह पहले युवक की नौकरी छूट गई। युवती को अकेला छोड़कर भाग निकला। युवती ने तलाश शुरू की। सोमवार देर रात को वह अभिषेक के घर डेहवा पहुंची। वहां युवक ने धमकी दी। इस पर नाराज युवती ने हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अभिषेक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। एसीपी विकास पांडेय के मुताबिक युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। वहीं, परिजन का आरोप है कि अभिषेक हिंदू परंपरा से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती निकाह करने का दबाव बना रही थी। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 17 पर केस

**अमृत विचार सुलतानपुरः** चांदा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर रामपुर गांव में मामूली सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिससे पूरे गांव में मारपीट हो गई।27 अप्रैल की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि गांव में दो गुट लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक वीरेन्द्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दोनों पक्ष- कमलेश निषाद पक्ष और विक्रमाजीत पक्ष सड़क से वाहन निकालने के विवाद को लेकर आमने-सामने थे।

**आरोप** वीडियो वायरल होने पर सिपाही लाइन हाजिर, होमगार्ड पर कार्रवाई को भेजा पत्र

# सिपाही ने ग्राहक को लात-घूसों से पीटा, हाथ टूटा



पिटाई से घायल युवक।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैब चालक ने ग्राहक से किराए के विवाद पर डॉयल-112 पर दी थी सूचना

**अमृत विचार :** गुडंबा में किराए के विवाद पर कैब चालक की सूचना पर पहुंचे सिपाही से ग्राहक को बेरहमी से पीटा। पिटाई से उसका हाथ टूट गया। सीसीटीवी कैमरे में कैद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने सिपाही विकास को लाइन हाजिर कर दिया है। मामले की जांच एसीपी डॉयल-112 को सौंपी गयी है। घटना के समय मौजूद होमगार्ड रामजीवन के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला कमांडेंट को रिपोर्ट भेजी गयी है।

इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि 27 अप्रैल की देर रात 2:54 बजे कैब चालक सौरभ पांडेय ने डॉयल-112 पर कॉल की। सूचना दी कि किराए के विवाद में ग्राहक द्वारा गाली-गलौज कर रहे हैं। सूचना पर पीआरवी 4942 पर तैनात सिपाही विकास व होमगार्ड रामजीवन मौके पर पहुंचे। देखा तो एक ग्राहक नशे की हालत में विवाद कर रहा था। इसी दौरान सिपाही ने ग्राहक को धक्का देने के साथ ही लातों से मारा। मुंह पर मुक्के मारे और धक्का देकर गिरा दिया। सिपाही की गुंडई की करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। मंगलवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सिपाही विकास को लाइन हाजिर कर दिया गया है।


## सिटी डायरी



स्मृति द्वार लगाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे संगठनों के लोग।

### स्मृति द्वार न लगने से आक्रोश

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व क्षेत्रीय विधायिका जयदेवी कौशल पासी समाज के महाराजा कंसा पासी के सुपुत्र मल्हिया पासी के गौरव द्वार को पुन: लगाए जाने की मांग को लेकर चार दिनों से प्रवास पर हैं, लेकिन प्रशासन अपनी आंखें बंद करे बैठा है। जिससे पासी समाज के साथ साथ मलिहाबाद क्षेत्र के सर्वसमाज में काफी आक्रोश है।करीब दो सप्ताह पूर्व मलिहाबाद थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर क्षेत्रीय विधायिका जयदेवी कौशल द्वारा मलिहाबाद को बसाने वाले महाराजा मल्हिया पासी का स्मृति गौरव द्वार लगवाया गया था। जिसे विगत 22 अप्रैल को तड़के करीब साढ़े 3 बजे बेखौफ चोरों ने मलिहाबाद पुलिस की नाक के नीचे से काट ले गए थे। मलिहाबाद पुलिस ने अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। इससे लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी सहित कई जिलों में आक्रोश है।



गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम।

### एसडीएम ने किया गोशाला का निरीक्षण

**अमृत विचार, निगोहां :** मीरक नगर स्थित गोशाला का मंगलवार को उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल ने निरीक्षण किया। गोशाला अव्यवस्था मिली और गोपालक नदारद थे।परिसर में गंदगी फैली थी और पशुओं के लिए समुचित चारे की व्यवस्था नहीं पाई गई। अव्यवस्थाएं देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई और मौके से ही बीडीओ मोहनलालगंज को मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पत्र भेजकर गौशाला में बरती जा रही लापरवाही से अवगत कराया गया।एसडीएम पवन पटेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पशुओं की देखभाल संतोषजनक नहीं मिली। जानवरों को पर्याप्त चारा भी नहीं दिया जा रहा था।



परिनिर्वाण महोत्सव में शामिल श्रद्धालु।

### मंदिर में परिनिर्वाण महोत्सव शुरू

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर मुकुंद धाम मुंशीगंज मलिहाबाद मे मंगलवार से स्वामी मुकुंद दास जी महाराज का परिनिर्वाण महोत्सव शुरू हुआ। महंत ब्रह्मज्योति महाराज ने बताया कि महोत्सव 27 अप्रैल से 1 मई तक चलेगा। तारतम सागर ब्रह्म वाणी के 54 परायण पाठ व संत बृहमानन्द शास्त्री एवं रवीन्द्र शास्त्री द्वारा श्रीमद्भभागवत महापुराण की कथा श्रीज्ञान की चर्चा आदि कार्यक्रम शुरू हो चुके है। कार्यक्रम में श्री 5 पद्मा पुरी धाम पन्ना से हंस राज जी महाराज,कृष्णदास जी पुजारी हकीकत नगर दिल्ली, अखंडा नन्द ,कैलाश नाथ गुप्ता, सावित्री गुप्ता, रजत गुप्ता तथा विभिन्न स्थानों से अनेकों श्रद्धालु कार्यक्रम मे पहुंच रहे है।




विपक्ष के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालते भाजपाई।

### जन आक्रोश रैली निकाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारी शक्ति वंदन अधिनयम विपक्ष ने संसद में विरोध किया। इससे अधिनियम पारित नहीं हो पाया। इसके विरोध में भाजपा विपक्ष के खिलाफ जन आक्रोश रैलियां निकालकर विपक्ष दलों सपा, कांग्रेस व अन्य के विरोध में लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी सिलिसले में मंगलवार को पार्टी ने मंडल स्तर पर प्रदर्शन किए। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं के साथ भाजपाइयों ने रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की।